**प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक–22.12.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित सभी पुलिस थानों/ओ0पी0 में CCTV कैमरा के अधिष्ठापन एवं निगरानी हेतु गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLOC) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

सर्वप्रथम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया/जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया एवं किशनगंज/पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया/कटिहार/अररिया एवं किशनगंज का स्वागत किया गया। तदोपरान्त पुलिस थानों/ओ0पी0 में CCTV कैमरे के अधिष्ठापन् एवं निगरानी से संबंधित विषय पर जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLOC) की बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

**पूर्णिया, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज पुलिस जिला अन्तर्गत पुलिस थानों में अधिष्ठापित कैमरों की विवरणी :–**

| क्र0 | जिला/ पुलिस जिला | अधिष्ठापित कैमरों की कुल संख्या | कार्यरत कैमरा की कुल संख्या | अकार्यरत कैमरा की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **पूर्णिया** | 496 | 479 | 17 |
| 2 | **कटिहार** | 316 | 287 | 29 |
| 3 | **अररिया** | 345 | 240 | 105 |
| 4 | **किशनगंज** | 338 | 277 | 61 |

पूर्णिया जिलान्तर्गत साइबर थाना में कैमरा नहीं लगाया गया है। इसके संबंध में जल्द से जल्द कैमरा लगवाने हेतु निदेशित किया गया। थाना/ओ0पी0 में अधिष्ठापित खराब कैमरा को TASL के प्रतिनिधि से संपर्क कर यथाशीघ्र ठीक/बदलाव करवाने हेतु निदेशित किया गया।

कटिहार जिलान्तर्गत साइबर थाना में CCTV कैमरा नहीं लगा है। इसके संबंध में जल्द से जल्द कैमरा लगवाने एवं खराब कैमरा को यथाशीघ्र ठीक/बदलाव करने हेतु निदेशित किया गया। थाना/ओ0पी0 में अधिष्ठापित खराब कैमरा को TASL के प्रतिनिधि से संपर्क कर यथाशीघ्र ठीक/बदलाव करवाने हेतु निदेशित किया गया।

किशनगंज जिलान्तर्गत साइबर थाना एवं यातायात थाना में कैमरा नहीं लगाया गया है। इसके संबंध में जल्द से जल्द कैमरा लगवाने हेतु निदेशित किया गया। थाना/ओ0पी0 में अधिष्ठापित खराब कैमरा को TASL के प्रतिनिधि से संपर्क कर यथाशीघ्र ठीक/बदलाव करवाने हेतु निदेशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया/कटिहार/अररिया एवं किशनगंज को निदेश दिया गया कि जिला स्तर पर बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप में सभी थाना के थाना प्रभारी द्वारा थाना में अधिष्ठापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों एवं उपकरणों में खराबी आने पर इसकी सूचना अविलम्ब देने हेतु सभी थाना प्रभारी को निदेशित करेंगे तथा TASL के क्षेत्रीय अभियंता व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना प्राप्त होते हीं अविलम्ब संबंधित थाना से सम्पर्क स्थापित कर सी0सी0टी0वी0 कैमरों एवं उपकरणों की मरम्मति कर क्रियाशील करायेंगे।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशित किया गया कि जिन थानों में कैमरा नहीं लगा है वहां यथाशीघ्र कैमरा लगाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई किया जाय तथा एक ही परिसर में चल रहे थानों में अतिरिक्त कैमरा लगाया जाय। विभिन्न थानों/ओ0पी0 में रक्षित सी0सी0टी0वी0 फुटेज की समीक्षा वरीय पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर किया जाय, ताकि मानवाधिकार उल्लंघन की ऐसी घटनाओं की पड़ताल की जा सके, जो घटित हुई हो, किन्तु अप्रतिवेदित रह गयी हो। साथ ही कैमरों की क्रियाशीलता एवं रख–रखाव की समीक्षा नियमित अंतराल पर वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी किया जाय।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/-
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

**ज्ञापांक :–01/गृह–24–02/2025/**............................**/पूर्णिया, दिनांक** ..................................

**प्रतिलिपिः–** पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** प्रबन्ध निदेशक, बेल्ट्रॉन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवांई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** Project Manager, Tata Advance System Ltd., पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

**ज्ञापांक :–01/गृह–24–02/2025/**............................**/पूर्णिया, दिनांक** ..................................

**प्रतिलिपिः–** पुलिस उप महानिरीक्षक–सह–नोडल पदाधिकारी, CCTV परियोजना, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/-
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

**ज्ञापांक :–01/गृह–24–02/2025/**...7108.......**/पूर्णिया, दिनांक** ...24.12.2025

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग (विशेष शाखा), बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

24/12/25
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।